ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 27 फरवरी 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 349

क्या EPFO के तहत जल्द ही 7,500 रुपये की न्यूनतम पेंशन की गारंटी मिलेगी?



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्लीः निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत न्यूनतम पेंशन बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही है. सितंबर 2014 में, केंद्र ने ईपीएफओ द्वारा शासित कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) के तहत न्यूनतम पेंशन राशि 1,000 रुपये तय की थी. ईपीएफ के तहत कर्मचारी अपने मूल वेतन का 12 फीसदी प्रोविडेंट फंड में जमा करते हैं, जबकि नियोक्ता भी इतनी ही राशि का योगदान करते हैं. नियोक्ता द्वारा किए गए इस योगदान में से 8.33 फीसदी ईपीएस में जाता है, और 3.67 फीसदी ईपीएफ खाते में जमा होता है.

ईपीएफओ सदस्यों की मांग

पेंशनभोगियों के निकाय ईपीएस-95 आंदोलन समिति ने कहा है कि केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया ने ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन सहित उनकी मांगों पर समय पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है. पेंशनभोगियों के निकाय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि केंद्र ने देश भर में ईपीएफओ के तहत आने वाले 78 लाख से अधिक पेंशनभोगियों की लंबे समय से लंबित मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाया है।

बयान के अनुसार न्यूनतम ईपीएस पेंशन के अलावा पेंशनभोगियों के निकाय ने न्यूनतम पेंशन में बढ़ोतरी, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके जीवनसाथी के लिए मुफ्त चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान और उच्च पेंशन लाभ के लिए आवेदनों में गलतियों को सुधारने की मांग की है. बयान में कहा गया कि मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को इन मुद्दों के जल्द समाधान का आश्वासन दिया.

पेंशनभोगियों के अधिकारों के लिए कई वर्षों से संघर्ष कर रही ईपीएस-95 राष्ट्रीय आंदोलन समिति (एनएसी) ने कहा कि केंद्र के साथ हाल ही में हुई चर्चाओं से उम्मीद जगी है कि ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन में 10 साल बाद आखिरकार संशोधन होगा.

क्या 2025 में न्यूनतम पेंशन बढ़ेगी?

बजट 2025 से पहले ईपीएस-95 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और न्यूनतम पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये प्रति माह करने के साथ ही महंगाई भत्ता (डीए) जोड़ने की मांग दोहराई. ईपीएस-95 राष्ट्रीय आंदोलन समिति के मुताबिक वित्त मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा. पिछले 7-8 सालों से पेंशनभोगी लगातार अपनी पेंशन में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं. वे चाहते हैं कि मौजूदा 1,000 रुपये की पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये किया जाए, साथ ही डीए का लाभ भी दिया जाए. इसके अलावा वे सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके जीवनसाथी के लिए मुफ्त चिकित्सा सुविधा भी चाहते।

सैमसंग ने भारत में लॉन्च किए दो बजट स्मार्टफोन, कम कीमत में मिलेंगे ये सारे फीचर्स



24 न्यूज अपडेट

हैदराबादः सैमसंग ने भारतीय मार्केट में एम सीरीज के दो नए और बजट स्मार्टफोन को लॉन्च किया है. इन दोनों फोन्स के नाम Samsung Galaxy M06 5G और Galaxy M16 5G है. सैमसंग ने इन दोनों फोन्स को आज 6 साल तक की ओएस और सिक्योरिटी अपडेट्स के साथ लॉन्च किया है. आइए हम आपको इन दोनों फोन्स के बारे में बताते हैं.

Samsung Galaxy M06 5Gः स्पेसिफिकेशन्स और कीमत

इस फोन में 6.7 इंच की एचडी प्लस एलसीडी पैनल दिया गया है, जो 90Hz के रिफ्रेश रेट के साथ आता है. इसके स्क्रीन की पीक ब्राइटनेस 800 निट्स है. फोन में प्रोसेसर के लिए MediaTek Dimensity 6300 चिपसेट दिया गया है. यह फोन Android 15 पर बेस्ड One UI 7 ओएस पर रन करता है. फोन चार साल तक की ओएस अपडेट और सिक्योरिटी पैचेस के साथ आता है. इस फोन के पिछले हिस्से पर डुअल कैमरा सेटअर दिया गया है, जिसका मेन कैमरा 50MP और दूसरा कैमरा 2MP का है. फोन में सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए 8MP का एक फ्रंट कैमरा भी दिया गया है. फोन में 5000mAh की बैटरी और 25W का फास्ट चार्जिंग सपोर्ट दिया गया है. इस फोन में साइड माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर भी दिया गया है.

इस फोन की कीमत 9,499 रुपये से शुरू होती है, जिसमें 4GB RAM और 128GB स्टोरेज मिलता है. ध्यान रखें कि यह प्राइस लॉन्च ऑफर के साथ है. फोन को ग्रीन और ब्लैक कलर्स के ऑप्शन में लॉन्च किया गया है और इसकी बिक्री 7 मार्च की दोपहर 12 बजे से शुरू होगी.

पुणे रेप का आरोपी गन्ने के खेतों में छिपाः ड्रोन-खोजी कुत्ते लगाए गए; दावा- सब्जी के ट्रक से गांव भागा, कपड़े-जूते बदले

24 न्यूज अपडेट

पुणे के सरकारी स्वारगेट बस डिपो में खड़ी बस में 25 फरवरी को 26 साल की महिला के साथ रेप हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने 13 टीमें बनाई हैं। उस पर 1 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है। इधर, पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद आरोपी दत्तात्रेय रामदास गडे अपने गांव में छिपा हो सकता है। सूत्रों के मुताबिक पुणे से वह सब्जी ले जा रहे ट्रक में छिपकर अपने गांव भाग गया। घर पहुंचकर उसने अपने कपड़े और जूते बदले। इसके बाद वह घर से भी निकल गया।

सूत्रों के मुताबिक वह गांव में ही गन्ने के खेतों में छिपा हो सकता है। पुलिस ड्रोन और खोजी कुत्तों की मदद से उसकी तलाश कर रही है। गन्ने की फसल 10 फीट ऊंची और उसके झाड़ घने हैं, इसलिए पुलिस खेतों के अंदर खुद जाकर सर्च कर पाने की स्थिति में नहीं है।

असिस्टेंट ट्रांसपोर्ट सुपरिटेंडेंट, डिपो मैनेजर के खिलाफ जांच के आदेश



उधर, घटना के बाद महाराष्ट्र के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर प्रताप सरनाइक ने असिस्टेंट ट्रांसपोर्ट सुपरिटेंडेंट और बस डिपो मैनेजर के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर इन्हें सस्पेंड किया जाएगा। उन्होंने बस डिपो पर तैनात पुराने सुरक्षाकर्मियों को हटाने का भी निर्देश दिया। पुणे सिटी पुलिस ने कहा कि क्राइम ब्रांच यूनिट की 8 टीमें और स्वारगेट पुलिस स्टेशन की 5 टीमें आरोपी की तलाश कर रही हैं। टीमों को जिले से बाहर भी भेजा गया है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकनकर ने कहा- घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस ने शिकायत पर फौरन कार्रवाई की है। आरोपी दो-तीन दिनों में पकड़ा जाएगा।

वक्फ बिल में 14 बदलावों को केंद्र की मंजूरीः रिपोर्ट्स में दावा-10 मार्च से होने वाले संसद सत्र में लाना संभव; विपक्ष विरोध जता चुका



24 न्यूज अपडेट

केंद्रीय कैबिनेट ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 फरवरी को हुई बैठक में बिल को कैबिनेट की रजामंदी मिल गई थी। संसद के बजट सत्र के दूसरे हिस्से में सरकार इसे पेश कर सकती है। बजट सत्र का दूसरा हिस्सा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (JPC) की रिपोर्ट के आधार पर वक्फ बिल का नया ड्राफ्ट तैयार किया गया है। इससे पहले बजट सत्र के पहले चरण में 13 फरवरी को वक्फ बिल पर JPC की रिपोर्ट संसद में पेश हुई थी। विपक्ष ने रिपोर्ट को फर्जी बताया था। इसके बाद संसद में हंगामा भी हुआ था। 27 जनवरी को वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही JPC ने ड्रॉफ्ट रिपोर्ट को मंजूरी दी थी। JPC की बैठक में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई थी। भाजपा की अगुआई में NDA सांसदों के 14 संशोधनों को स्वीकार किया गया था, जबकि विपक्ष के संशोधनों को सिरे से खारिज कर दिया गया था। अगस्त 2024 में वक्फ बिल को अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में पेश किया था। इसके बाद इसे JPC के पास भेजा गया था। इसके बाद JPC ने इस पर 655 पन्नों की रिपोर्ट दी थी।


ममता बोलीं- भाजपा फर्जी वोटरों की मदद से दिल्ली जीती



24 न्यूज अपडेट

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता में कहा, 'भाजपा ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव फर्जी वोटों के जरिए जीता। इसमें चुनाव आयोग ने मदद की।' ममता ने कहा- भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग (EC) के ऑफिस में बैठकर ऑनलाइन फर्जी मतदाता सूची बनाई है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हर जिले में फर्जी मतदाताओं को जोड़ा है। ज्यादातर वोटर गुजरात और हरियाणा से हैं। महाराष्ट्र और दिल्ली में विपक्ष इन तथ्यों का पता नहीं लगा पाया। उन्होंने कहा- मैं बंगाल के लोगों से अपील करती हूं कि वे वोटर लिस्ट की जांच करें। किसी भी दिन NRC और CAA के नाम पर सही वोटर्स के नाम हटाए जा सकते हैं। भाजपा ऐसा करके किसी तरह TMC को हराना चाहती है। ममता ने वोटर लिस्ट की जांच के लिए पार्टी स्तर पर कमेटी भी बनाई है। ममता ने यह बात पार्टी कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग में कही। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वोटर लिस्ट सही करने और फर्जी वोटर हटाने को लेकर EC ऑफिस के सामने धरना दूंगी। अगर मैं नंदीग्राम में 26 दिन की भूख हड़ताल कर सकती हूं, तो EC के खिलाफ भी आंदोलन शुरू कर सकती हूं।

पेटीएम ऐप में इन्वेस्टमेंट की रियल टाइम इन्फॉर्मेशन मिलेगीः यूजर्स AI की मदद से सर्च कर सकेंगे, अमेरिकी स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ टाइअप किया



24 न्यूज अपडेट

फिनटेक कंपनी पेटीएम ने AI स्टार्टअप परप्लेक्सिटी के साथ टाइअप करने की घोषणा की है। अब पेटीएम ऐप पर यूजर्स के लिए AI इंटीग्रेटेड सर्च ऑप्शन मिलेगा। इस फीचर के जरिए यूजर्स अपनी लोकल भाषा में रियल टाइम इन्फॉर्मेशन और फाइनेंशियल इनसाइट्स एक्सेस कर सकेंगे। गुरुवार (27 फरवरी) को कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी है। कंपनी का कहना है कि इस फीचर से यूजर्स की फाइनेंशियल लिट्रेसी बढ़ेगी। यूजर्स बैंकिंग, निवेश, खर्च से जुड़े विषयों की जानकारी आसानी से पा सकेंगे। इससे उन्हें फाइनेंस से जुड़े डिसीजन लेने में मदद मिलेगी। वहीं पेरप्लेक्सिटी के CEO अरविंद श्रीनिवास ने कहा कि यह तकनीक लोगों को रियल-टाइम में भरोसेमंद जानकारी देने में मदद करेगी।

IIT ग्रेजुएट ने 2022 में बनाया परप्लेक्सिटी

परप्लेक्सिटी US बेस्ड AI सर्च इंजन स्टार्टअप कंपनी है। IIT मद्रास से ग्रेजुएट अरविंद श्रीनिवास ने 2022 में परप्लेक्सिटी को बनाया था। अरविंद श्रीनिवास ओपन AI में AI रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं। गूगल सर्च के कॉम्पिटिटर परप्लेक्सिटी ने हाल ही में 500 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की थी। इससे पहले कंपनी ट्रिपएडवाइजर के साथ भी इसी तरह का टाइअप कर चुकी है।

तेलंगाना टनल हादसा, डरे मजदूर काम छोड़ रहेः SP बोले- 8 लोग आज मिलेंगे कह नहीं सकता; 5वें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



24 न्यूज अपडेट

तेलंगाना के नागरकुर्नूल में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इसमें 8 मजदूर फंस गए। इन्हें सुरक्षित निकालने के लिए आज पांचवें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

ताजा अपडेट के अनुसार, रेस्क्यू टीमों ने फंसे लोगों तक पहुंचने के लिए अब टनल बोरिंग मशीन (TBM) के हिस्से और अन्य बाधाओं काटकर रास्ते से हटाना शुरू कर दिया है। वहीं, हादसे के बाद टनल में काम कर रहे कुछ मजदूर डर के मारे काम छोड़कर जा रहे हैं। इधर, नागरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक (SP) वैभव गायकवाड़ ने कहा कि मैं यह नहीं कह सकता कि फंसे हुए लोग आज मिल जाएंगे या नहीं। टनल के अंदर क्षतिग्रस्त कन्वेयर बेल्ट के आज ठीक होने की उम्मीद है। इसके बाद मलबे को बाहर निकालने में मदद मिलेगी।

डरे हुए मजदूरों ने काम छोड़ना शुरू किया

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे के बाद टनल में काम कर रहे कुछ मजदूर डर के कारण काम छोड़कर चले गए हैं। सीनियर सरकारी अधिकारी ने बताया कि श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) प्रोजेक्ट में 800 लोग काम कर रहे हैं। इनमें से 300 लोकल और बाकी झारखंड, ओडिशा और उत्तर प्रदेश से हैं।

अधिकारी ने यह भी कहा कि शुरुआत में मजदूरों में डर जरूर है। हालांकि कंपनी ने उनके लिए आवासीय कैंप बनाए हैं। कुछ लोग वापस जाना चाह सकते हैं, लेकिन हमारे पास इस बात की कोई रिपोर्ट नहीं है कि सभी मजदूर एक साथ छोड़कर जा रहे हैं।



संपादकीय : पढ़ाई छोड़ते बच्चे

देश के कई विद्यालयों में विद्यार्थियों का घटता नामांकन चिंता का विषय है। एक रपट में कहा गया है कि देशभर में कम से कम पैंतीस फीसद स्कूलों में पचास या उससे कम ही विद्यार्थी पढ़ते हैं। कई स्कूलों में एक या दो ही शिक्षक हैं दस फीसद स्कूलों में बीस से कम विद्यार्थी आ रहे हैं । यह स्थिति स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। स्कूलों में नामांकन की स्थिति पर जो विशेषण सामने आया है, वह बेहद निराशाजनक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि भारत में लगभग 12.6% छात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं। इनमें से 19.8% माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ते हैं और 17.5% उच्च प्राथमिक स्तर पर । उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, ओड़ीशा, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में उपलब्ध स्कूलों की संख्या नामांकित छात्रों के प्रतिशत से अधिक है, जिसका अर्थ है कि उपलब्ध स्कूलों का कम उपयोग हो रहा है। शिक्षा तक सभी की पहुंच समाज और देश के विकास और प्रगति के लिए अनिवार्य है। लेकिन इस दिशा में काफी काम करने की जरूरत है। अभी तक हम चुनौतियों से पार नहीं पा सके हैं। कई परिवार, विशेष रूप से गरीबी में रहने वाले परिवार अपने बच्चों के योगदान पर निर्भर रहते हैं। बाल श्रम न केवल उन्हें शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित करता है बल्कि उन्हें संभावित शोषण और स्वास्थ्य जोखिमों के लिए भी उजागर करता है। दूसरा है, बाल विवाह । कम उम्र में विवाह, खास तौर पर लड़कियों के लिए, स्कूल छोड़ने की दर में अहम योगदान देता है। इसके अलावा, आकर्षक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी भी छात्रों की प्रतिबद्धता को कम कर सकती है। भारत में स्कूल छोड़ने के पीछे लैंगिक असमानता एक और बड़ी वजह है सुरक्षा संबंधी चिंताएं घरेलू जिम्मेदारियों और सामाजिक मानदंड अक्सर लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने से रोकते हैं । कुपोषण और पुरानी बीमारियों सहित स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं स्कूल छोड़ने वालों में योगदान करती हैं। माता-पिता की भागीदारी बच्चे की शैक्षिक सफलता में एक बड़ी भूमिका निभाती है। सवाल है कि कैसे हो सुधार । सरकार को प्रारंभिक बचपन शिक्षा कार्यक्रमों को प्राथमिकता देनी चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के लिए जरूरी है। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश करके प्रभावी शिक्षण देने के लिए कौशल और ज्ञान की गारंटी सुनिश्चित की जा सकती है। परामर्श केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। कई बच्चे, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण स्कूल छोड़ देते हैं। बच्चों की समस्या को हल करने में समुदाय और अभिभावकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच और मध्याह्न भोजन योजनाओं सहित स्कूल स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। बाल श्रम के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। कई स्तरों पर प्रयास करना होगा, तभी शिक्षित भारत के लक्ष्य के लिए मजबूती से काम हो सकेगा।

नाहक विरोध

तमिलनाडु में हिंदी के विरोध का इतिहास वर्षों पुराना है। देश को आजादी मिलने से पहले ही हिंदी विरोधी आंदोलनों को हवा मिलती रही है। ये आंदोलन कभी उग्र, तो कभी हिंसक भी हुए। वर्ष 1937 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी ने हिंदी को अनिवार्य किया, तो इसका कड़ा विरोध हुआ । उस समय हुए आंदोलन से ही द्रविड़ राजनीति की बुनियाद पड़ी। इसके बाद तो हिंदी विरोध के नाम पर लगातार आंदोलन और अभियान चलाए गए। इसमें साठ के दशक में हुए आंदोलन को याद किया जाता है। यह विरोध तब शांत हुआ, जब राजभाषा अधिनियम में संशोधन हुआ। मगर यह दुखद ही है कि हिंदी विरोध का सिलसिला आज भी जारी है। जब भी हिंदी को लेकर कोई चर्चा शुरू होती है, उसका तत्काल विरोध शुरू हो जाता है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बयान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने केंद्र पर राज्य में हिंदी थोप कर 'भाषा युद्ध के बीज बोने का आरोप लगाया है। किसी भी अन्य भाषा के हावी नहीं होने देने का अपना रुख जता कर उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि ये द्विभाषी नीति से आगे बढ़ने को तैयार नहीं। सभी भाषाओं को बराबरी का दर्जा देकर ही हम देश की सांस्कृतिक एकता मजबूत कर सकते हैं हिंदी बोलने वाले लोग देश के हर कोने में मिल जाते हैं। कोई राज्य अगर अपनी मातृभाषा को महत्त्व देता है, तो उसकी भावना का सम्मान किया जाना चाहिए। मगर किसी राज्य विशेष का नागरिक दूसरे राज्यों में जाता है, तो हिंदी के बिना उसका काम नहीं चलता। भाषाएं तो एक दूसरे जुड़ कर ही आगे बढ़ती हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में त्रिभाषा फार्मूले को लेकर चल रही सियासी बयानबाजी के बीच स्टालिन का विरोध नाहक ही है कि हिंदी से उनकी मातृभाषा नष्ट हो सकती है। दरअसल, उन्होंने अपने स्वर तीखे करते हुए साफ कर दिया है कि वे उन्हीं पुराने आंदोलनों के वशंज है, जिसमें हिंदी को लेकर उपेक्षा का गहरा भाव है। स्टालिन यह भूल गए हैं कि हिंदी दिलों को जोड़ने की भाषा है। यह आज भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में समझी और बोली जाती है।

मंगल कलश, परमानंद गार्डन और अशोका ग्रीन; बिना लाइसेंस सीज, सवाल-एक नोटिस और दूसरे 8 महीने का अंतर क्यों, तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं?? नोटिस की क्या है स्टेण्डर्ड समय सीमा???





24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। नगर निगम उदयपुर ने गुरुवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए बिना अनुज्ञा संचालित तीन बड़ी वाटिकाओं को सीज किया गया। इसके साथ ही यह सवाल भी उठ खड़ा हुआ कि क्या बड़ी वाटिकाओं को सीज करने में नगर निगम की ओर से जरूरत से ज्यादा देरी की जाती है। इन वोटिकाओं को तत्काल ही बंद कर दिया जाना था लेकिन सावे दर सावे इंतजार किया गया। पिछले दिनों इन वाटिकाओं में बहुत बड़ी जन भागीदारी वाले कार्यक्रम हुए थे। उनको तब क्यों सीज नहीं किया गया। नगर निगम के नोटिस की क्या मियाद होती है? कितना वक्त देना है यह समान रूप से तय होता है या फिर किसी खास की एप्रोच देख कर तय होता है। एक नोटिस व दूसरे के कालखंड में इतना ज्यादा अंतर साफ बता रहा है कि सबको समान रूप से ट्रीट नहीं किया जा रहा है। कई मामलों में तो निगम नोटिस की मियाद होते ही तुरंत दल बल लेकर पहुंचा जाता है जबकि ऐसे मामलों में मौका और अच्छे वक्त का इंतजार किया जाता है। आखिर नगर निगम एक लिस्ट अपनी वेबसाइट पर जारी क्यों नहीं कर देता जिसमें यह साफ-साफ बता दिया जाए कि कौन वैध है कौन नहीं, किसको कब नोटिस दिया गया है व अगले नोटिस की तारीख क्या आने वाली है?? निगम की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित 3 बड़ी वाटिका बिना नगर निगम अनुमति के संचालित की जा रही थी। तीनों वाटिका संचालकों को निगम द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी किए गए लेकिन फिर भी वाटिका संचालकों ने नोटिस को अनदेखा कर निगम कार्यालय में अनुज्ञा हेतु आवेदन नहीं किया। नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि सौभागपुरा स्थित अशोका ग्रीन वाटिका बिना निगम अनुज्ञा के संचालित की जा रही थी। निगम द्वारा सीज की कार्यवाही के पहले संचालक को 15 मई, 2024 और 3 जनवरी 2025 को नियमानुसार नोटिस दिए गए। इसके बावजूद संचालक ने निगम में लाइसेंस के लिए आवेदन नहीं किया। इसी के साथ शोभागपुरा 100 फीट रोड स्थित ही मंगल कलश गार्डन एवं परमानंद गार्डन भी बिना अनुज्ञा संचालित किए जा रहे थे। इन्हें भी 14 मई 2024 और 3 जनवरी 2025 को एवं 15 मई 2024 और 3 जनवरी 2025 नोटिस दिए गए लेकिन इन्होंने भी अनुज्ञा हेतु आवेदन नहीं किया। निगम द्वारा दिए नोटिस को अनदेखा कर अनुज्ञा हेतु आवेदन नहीं करने पर निगम राजस्व शाखा द्वारा निगम आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर राजस्थान नगरपालिक अधिनियम के विवाह स्थल पंजीयन उपविधि-2010 एवं राज्य सरकार की नवीनतम गाईड लाईन विनियम 2020 अन्तर्गत बिना अनुज्ञा / स्वीकृति / उपयोग परिवर्तन के तहत सभी 3 वाटिकाओं को आगामी आदेश तक सीज किया गया। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश में गुरुवार को तीन वाटिका सीज करने के उपरांत स्पष्ट शब्दों में कहा है कि शहर में जो भी अवैध वाटिका संचालित की जा रही है उन सभी अवैध वाटिकाओं पर सीज की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए वाटिका संचालक अपने स्वयं के स्तर पर निगम में पहुंचे वाटिकाओं के संचालन हेतु वैद्य अनुज्ञा प्राप्त करें जिससे वाटिका उपयोग करने वाले को भी किसी समस्या का सामना नहीं हो।

भीलवाड़ा में अभ्यर्थियों को रीट एग्जाम के बाद गंतव्य के लिए भी देनी पड़ी कड़ी परीक्षा



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ाः जिला मुख्यालय पर गुरुवार को रीट परीक्षा का आयोजन शुरू हुआ. हालांकि परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थियों को वापस अपने गंतव्य पहुंचने के लिए भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा. भीलवाड़ा रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंचे परीक्षार्थियों को बसों में जगह पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ी. रीट परीक्षा को लेकर भीलवाड़ा में 51 परीक्षा केंद्रों बनाए गए. जिसमें पहली पारी में 14256 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी. परीक्षा देने के बाद जैसे ही परीक्षार्थी रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे, उस दौरान रोडवेज बसों में ज्यादा भीड़ होने के कारण गेट के अलावा खिड़की से भी परीक्षार्थी घुसते नजर आए. रोडवेज बस स्टैंड पर अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की समस्या ना हो, इसके लिए पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया. रोडवेज बस स्टैंड पर मौजूद सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि रीट परीक्षार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं. शासन एवं प्रशासन ने परीक्षार्थियों के आने-जाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए हैं. रोडवेज बस स्टैंड पर किसी प्रकार से अभ्यर्थियों को दिक्कत नहीं हो, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया है. वहीं खिड़की से कुछ छात्र घुस रहे हैं. इसके लिए हमने रोडवेज के प्रबंधक से बात कर अतिरिक्त बसों की व्यवस्था भी की है.

जेब काटकर चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश, तीन महिलाओं सहित पांच आरोपी गिरफ्तार, 2.80 लाख व धारदार ब्लेड बरामद



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिला विशेष टीम (DST) और थाना हिरणमगरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जेब काटकर पैसे चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गिरोह के तीन महिलाओं सहित कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से 2.80 लाख रुपये नकद और धारदार ब्लेड बरामद किए गए। उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार, अपराधी गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के तहत पुलिस टीम को 26 फरवरी को गुप्त सूचना मिली कि परशुराम चौराहे के पास कुछ संदिग्ध लोग एक टेम्पो में बैठकर किसी बड़े अपराध की योजना बना रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्धों को हिरासत में लिया।

गिरफ्तार आरोपी

लक्ष्मण पिता देवाजी कालबेलिया (बडला, खेरवाड़ा), राजू पिता शंकर कालबेलिया (जवास, खेरवाड़ा), सीता पत्नी स्व. किशन कालबेलिया (जवास, खेरवाड़ा), गंगा पत्नी बली कालबेलिया (जवास, खेरवाड़ा), मणी पत्नी नाना कालबेलिया (जवास, खेरवाड़ा)

बरामदगी

लक्ष्मण – 1 लाख रुपये नकद, धारदार ब्लेड
राजू – 1 लाख रुपये नकद, धारदार ब्लेड
सीता – 30 हजार रुपये नकद, धारदार ब्लेड
गंगा – 30 हजार रुपये नकद, धारदार ब्लेड
मणी – 20 हजार रुपये नकद, धारदार ब्लेड
एक टेम्पो (RJ 27 GE 2005) भी जब्त

कैसे करते थे चोरी?

गिरोह के सदस्य बस, रेलवे स्टेशन, टेम्पो स्टैंड और मेलों में भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लोगों की जेबों पर ब्लेड से चीरा लगाकर पैसे निकालते थे। चोरी के बाद ये लोग एक सुनसान स्थान पर मिलते और आपस में चोरी की रकम बांटते थे। गिरोह के खिलाफ धारा 112(2) भारतीय दंड संहिता (BNS 2023) के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है। पुलिस गिरोह के अन्य साथियों की तलाश में जुटी हुई है और इनके अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है।

पुलिस पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

धौलपुर जिले की आंगई थाना पुलिस ने पुलिस पर हमला करने के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर अवैध खनन की कार्रवाई के दौरान पुलिस पर हमला करने का मामला दर्ज था। जिनकी पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। कार्रवाई को लेकर आंगई थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने बताया कि पिछले साल 4 नवंबर को अवैध बजरी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की थी। कार्रवाई के दौरान पुलिस के कब्जे से एक आरोपी को कुछ लोग हमला कर छुड़ा ले गए थे। जिस मामले में फरार चल रहे आरोपी उदयभान पुत्र होतम सिंह निवासी मुरहन का पुरा थाना बसई डांग को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया गया है।

दूसरे मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि 7 फरवरी को अवैध बजरी के खिलाफ की गई कार्रवाई के दौरान पुलिस पर हमला हो गया था। जिस मामले में फरार चल रहे आरोपी राकेश पुत्र किशन सिंह निवासी सोने का गुर्जा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस पर हमला करने के दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

परबतसर में अवैध अफीम की बड़ी खेप पकड़ी



24 न्यूज अपडेट


परबतसर पुलिस ने डीडवाना-कुचामन जिले में अवैध अफीम की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने ग्राम बांसडा में 5600 वर्गमीटर क्षेत्र में फैली अफीम की खेती को नष्ट कर दिया है। इस दौरान 78,611 गीले अफीम के पौधे जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में एक मेसी ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है। पुलिस ने परबतसर के अरत निवासी 25 वर्षीय पांचुराम को गिरफ्तार किया है।

मामले का मुख्य आरोपी बासडा निवासी नौरताराम (उदाराम का दत्तक पुत्र) फरार है। इसके अलावा भंवराराम और हेमाराम नाम के दो अन्य आरोपी भी शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ NDPS एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी जगदीश मीणा और उप-निरीक्षक मुन्नालाल विश्नोई समेत 19 पुलिसकर्मियों की टीम शामिल थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिनेन्द्र जैन और वृत्ताधिकारी भवानीसिंह की निगरानी में यह अभियान चलाया गया।

फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है। थानाधिकारी मकराना सुरेश कुमार आगे की कार्रवाई कर रहे हैं। यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई का संकेत है।

इंश्योरेंस लेने के लिए लूट की झूठी साजिश रची:जयपुर में लूट की गलत सूचना देने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर के मुहाना थाना पुलिस ने ज्वेलरी लूट की झूठी सूचना देने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूट की सूचना मिलने पर घटनास्थल के आसपास लगे हुए सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पुलिस के हाथ कोई सबूत नहीं लगा। इससे पता चल सके की लूट की वारदात हुई है।. पुलिस का शिकायत कर्ता पर शक जाने लगा। इस पर पुलिस ने शिकायत करने वाले से सख्ती से पूछताछ की। उसने झूठी सूचना देने की बात स्वीकार की। इस पर आज मुहाना थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

डीसीपी साउथ दिगंत आनंद ने बताया- 26 फरवरी को सूचना मिली की सुन्दर नगर चीलगाड़ी रेस्टोरेंट के पीछे कोई अज्ञात व्यक्ति पर्स ज्वेलरी और 10 हजार लूट ले गए। लूट की वारदात की गंभीरता को देखते हुए अपराधियों की धरपकड़ एवं वारदात का खुलासा करने के निर्देश दिए गए। एडिशनल डीसीपी ललित शर्मा के मार्गदर्शन एवं एसीपी मानसरोवर आदित्य काकड़े ने निरंतर मॉनिटरिंग रखी।

झाड़ोल में ढही खदान, महिला की मौत

24 न्यूज अपडेट

झाड़ोल में मिट्टी की खदान ढहले का दुखद समाचार आ रहा है। दो महिलाएं खदान में दब गईं हैं। 2 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। एक महिला की मौत हो गई जबकि दूसरी गंभीर घायल हो गई। घायल महिला का झाड़ोल में उपचार जारी है। मृतका का शव झाड़ोल मोर्चरी पहुंचाया गया है। बताया जा रहा है कि घर की लिपाई-पुताई के लिए लेने गई थी मिट्टी, साथी महिलाओं के चिल्लाने पर ग्रामीणों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चला कर बाहर निकाला। सूचना पर झाड़ोल थाना पुलिस भी पहुंची मौके पर। झाड़ोल के लुणावतों का खेड़ा गांव की घटना है बताई जा रही है।

बिजयनगर ब्लैकमेल कांडः पांच आरोपी पोक्सो कोर्ट में पेश, पूर्व पार्षद को 5 दिन का रिमांड, शेष चार आरोपियों को भेजा जेल



24 न्यूज अपडेट

अजमेरः बिजयनगर में नाबालिग छात्राओं के ब्लैकमेल व शोषण कांड में पूर्व पार्षद समेत पांच आरोपियों को अजमेर की पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया. कोर्ट ने पूर्व पार्षद को 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है. जबकि चार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है. पेशी के दौरान सभी आरोपी लंगड़ाते हुए नजर आए. प्रकरण में विजयनगर थाना पुलिस ने अभी तक 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इनमें 3 नाबालिग भी शामिल हैं, जिनको बाल सुधार गृह में भेजा गया है. वहीं, प्रकरण में आठ आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है. इस प्रकरण से हिंदू सकल समाज में काफी आक्रोश है. विरोध प्रदर्शन करके हिंदू सकल समाज मामले की जांच सीबीआई से करवाने के मांग उठ चुका है. पुलिस भी लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शन के बाद हरकत में नजर आ रही है. विजयनगर थाना पुलिस बुधवार रात को जावेद नाम के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया था. प्रकरण में मुख्य आरोपियों में मोहम्मद लुकमान, सोहेब मंसूरी, रिहान, अफराज और सोहेल को कोर्ट के आदेश से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है.

प्रकरण की जांच कर रहे सीओ सज्जन सिंह ने बताया कि इस पूरे प्रकरण में 12 आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार किया जा चुका है. इनमें 3 नाबालिग भी हैं. तीनों नाबालिग बाल सुधार गृह में हैं. सोमवार को पांच आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट में पेश किया गया है. इनमें पूर्व पार्षद हाकिम कुरेशी को कोर्ट से 5 दिन के लिए रिमांड पर लिया गया है. आरोपी पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी से पूछताछ जारी है. उन्होंने यह भी बताया कि अब तक कोर्ट के आदेश से आठ आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है. प्रकरण में पूर्व पार्षद हकीम कुरैशी, मुख्य आरोपी मोहम्मद लुकमान, कैफे संचालक श्रवण जाट, रेहान, सोहेल, अफराज, सोहेल, आशिक, करीम और जावेद है.

सीकरः 1.95 करोड़ की ठगी का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

सीकर. पुलिस ने जमीन खरीदने-बेचने के नाम पर 1.95 करोड़ रुपए की ठगी का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने इस मामले में मुख्य सरगना व पत्नी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने ठगी की रकम में से 1.85 करोड़ रुपए बरामद कर लिए.

सीकर के पुलिस अधीक्षक भुवनभूषण यादव ने प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपी बड़े शातिर तरीके से लोगों को जाल में फंसाते थे. ठगी के बाद मुख्य सरगना की पत्नी पैसे को ठिकाने लगाती थी ताकि पुलिस को सुराग नहीं लगे. पुलिस ने इस मामले में आरोपी कैलाशचंद शर्मा, शहादत अली, ममता देवी, इमरान और इजाजुद्दीन को गिरफ्तार किया है. पुलिस इनसे गहन पूछताछ कर रही है. एसपी ने बताया कि ठगी की सूचना पर पुलिस ने विशेष टीम बनाकर जांच शुरू की. कई दिनों आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी. इसके बाद टीम ने छापेमारी कर सभी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया. पुलिस जांच कर रही है कि इस गिरोह ने पहले और कितनी वारदात को अंजाम दिया है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे संभव हैं. पुलिस जांच कर रही है कि गिरोह में अन्य साथी तो शामिल नहीं हैं. पुलिस ने आमजन से जमीन की खरीद-फरोख्त से पहले उसके दस्तावेज जांच कराने की अपील की है.

फिल्मी तर्ज पर वारदात : पुलिस के अनुसार, गिरोह ने ठगी की वारदात को फिल्म बंटी और बबली की तर्ज पर अंजाम दिया. आरोपियों ने जिस जमीन का सौदा किया, वह वास्तव में उनके नाम पर नहीं थी. फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे की जमीन को अपनी बताकर बेचने का झांसा दिया. पूरे गिरोह का मास्टरमाइंड पहले भी कई बार जेल जा चुका है. ठगी के कई मामलों में शामिल रहा है.

लकीर के फकीर : अजमेर में कैंडिडेट का नहीं खुला लौंग तो, नाक पर चिपका दी टेप



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट | अजमेर. हम लकीर के फकीर शब्द का प्रयोग इसलिए कर रहे हैं क्योंकि पढ़े लिखे लोग सिस्टम चला रहा हैं और मूर्खतापूर्ण फैसले कर रहे हैं। अजमेर के जवाहर स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक महिला अभ्यर्थी की नोज पिन (लौंग) नहीं खुल पाई, तो उस पर टेप चिपकाकर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई। अगर लौंग नहीं खुली तो उसकी जांच का ऐसा कोई तरीका उपलब्ध क्यों नहीं था जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि इससे नकल नहीं होगी। टेप चिपकाने से क्या नकल रूक जाएगी?? ऐसे फैसलों से पहले स्वविवेक से काम जरूर लेना चाहिए। राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट)-2024 का आयोजन अजमेर के 57 परीक्षा केंद्रों पर किया गया। पहली पारी में सुबह 9 बजे तक अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया, जिसके बाद 10 बजे परीक्षा शुरू हुई और यह दोपहर 12:30 बजे तक चली। अजमेर के अलावा बांसवाड़ा से सर्वाधिक अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए। इसके साथ ही बाहरी राज्यों के अभ्यर्थियों को भी यहां परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए। पहले दिन दो पारियों में परीक्षा आयोजित हुई, जबकि दूसरे दिन एक पारी में परीक्षा होगी। परीक्षा की निगरानी के लिए बोर्ड कार्यालय में केंद्रीय कंट्रोल रूम बनाया गया और सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सीधी नजर रखी गई।

परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

परीक्षा में शामिल होने के लिए कई अभ्यर्थी रात को ही अजमेर पहुंच गए थे, जिससे बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ देखी गई। सुबह निर्धारित समय से पहले ही अभ्यर्थी अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए। परीक्षा केंद्रों पर एक घंटे पहले प्रवेश की अनुमति दी गई और सख्त चेकिंग के बाद ही अंदर जाने दिया गया। महिला अभ्यर्थियों के गहनों, हाथ में बंधे धागों और कपड़ों पर लगे अतिरिक्त बटनों को हटवाया गया। अजमेर के जवाहर स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक महिला अभ्यर्थी की नोज पिन (लौंग) नहीं खुल पाई, तो उस पर टेप चिपकाकर परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई।

मंडी शुल्क और किसान कल्याण शुल्क हटाने की मांग पर मंडियों में हड़ताल, 40 करोड़ से ज्यादा का कारोबार प्रभावित



24 न्यूज अपडेट

जोधपुरः राज्य के इस वर्ष के बजट में कृषि मंडी और खाद्य व्यापार से जुड़े लोगों का उम्मीद थी कि सरकार इस बार मंडी में अलग-अलग जींस पर लग रहे टैक्स एक और कोरोना काल में लगे किसान कल्याण सेस हटाने की घोषणा करेगी. लेकिन ऐसा नहीं हुआ. इसके विरोध में राजस्थान खाद्य व्यापार संघ, जयपुर के आह्वान पर मंडी शुल्क और किसान कल्याण शुल्क हटाने की मांग को लेकर जोधपुर की बासनी और जीरा मंडी में गत 23 फरवरी से हड़ताल जारी है. यह हड़ताल 2 मार्च तक चलेगी. व्यापारियों कहना है कि सरकार और अधिकारी धरातल के हालात नहीं समझ रहे हैं. हड़ताल के चलते किसानों की जींस की बोली नहीं लग रही है. अगर समाधान नहीं हुआ, तो 15 मार्च से मंडियों में होने वाली नई आवक को लेकर भी परेशानी होगी. करोड़ों का व्यापार बाधितः जोधपुर की बासनी और जीरा मंडी में प्रतिदिन लगभग 5-5 करोड़ का व्यापार होता है. ऐसे में इस हड़ताल के कारण अब तक 4 दिनों में दोनों मंडियों में 40 करोड़ से अधिक का कारोबार प्रभावित हो चुका है. जीरा मंडी के अध्यक्ष पुरुषोत्तम मूंदड़ा ने बताया कि बार-बार आग्रह करने के बावजूद सरकार कोरोना सेस हटाने पर ध्यान नहीं दे रही है. जिससे व्यापारियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है. क्योंकि यह मंडी टैक्स से अतिरिक्त लगता है. इससे टैक्स बढ़ गया है. इसके कारण मंडी के बाहर सीधी खरीद का नुकसान सरकार को हो रहा है.

मां ने शराब के लिए पैसे देने से किया मना, खफा बेटे ने गला घोंटकर की हत्या



24 न्यूज अपडेट

करौलीः जिले के हिंडौन सदर थाना इलाके में शराब के लिए पैसे नहीं देने पर नाराज एक कलयुगी बेटे ने अपनी मां का गलाकर घोंटकर और कुल्हाड़ी से वारकर हत्या कर दी. हत्या के बाद आरोपी ने शव सरसों के खेत में गड्ढा खोदकर गाड़ दिया. वारदात की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की और उसे 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया.

थानाधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मृतका लखन बाई जाटव (60) पत्नी हरिसिंह है. इसकी हत्या बेटे दयाल जाटव ने की. उन्होंने बताया कि आरोपी ने 23 फरवरी की रात करीब एक बजे वारदात को अंजाम दिया. इस वारदात के बाद मृतका के दूसरे बेटे भूरसिंह जाटव ने रिपोर्ट दी. इसमें बताया गया कि उसकी मां गांव से 2 किलोमीटर दूर गेहूं के खेत में रात को रखवाली के लिए सोने गई हुई थी. इस दौरान रात एक बजे उसका बेटा आरोपी दयाल नशे की हालत में पहुंच गया. मां से उसने 3 हजार रुपए मांगे, तो मां ने मना कर दिया. इससे नाराज होकर उसने मां पर हमला कर दिया और वहीं गला दबाकर हत्या कर दी. इसके बाद कुछ दूर किसी ओर के खेत में गड्ढा खोदकर उसे दफना दिया. आरोपी ने पूरी घटना अपनी भाभी को फोन कर बताई. उसने परिजनों को बताई. परिजनों ने पुलिस को सूचना कर दी. इसके बाद डीएसपी गिरधर सिंह और सदर थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और शव को गड्ढे से बाहर निकाला गया.

पुलिस मुख्यालय का साइबर अलर्ट : इंडिया पोस्ट नाम से फर्जी एसएमएस और लिंक भेज रहे साइबर अपराधी, रहें सावधान



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 27 फरवरी। इंडिया पोस्ट (भारतीय डाक) के नाम से फर्जी एसएमएस और लिंक भेज कर साइबर अपराधी ठगी कर रहे हैं। इस बारे में पुलिस मुख्यालय से डीजीपी साइबर क्राइम श्री हेमंत प्रियदर्शी द्वारा एडवाइजरी जारी की है, जिससे आप इन साइबर अपराधों से बच सकते हैं।

डीजी श्री प्रियदर्शी ने बताया कि साइबर अपराधी आपको इंडिया पोस्ट के नाम से एक एसएमएस भेजेंगे। इस एसएमएस में, वे कहेंगे कि आपका पार्सल डिलीवर नहीं हो पाया है क्योंकि आपका पता गलत है। वे आपको फर्जी मोबाइल नंबर एवं ईमेल द्वारा एक लिंक देंगे और कहेंगे कि अपने पते को अपडेट करने के लिए इस पर क्लिक करें।

जैसे ही आप लिंक पर क्लिक करते हैं, तो आप एक फर्जी वेबसाइट पर पहुंच जाएंगे जो इंडिया पोस्ट की वेबसाइट की तरह दिखती है। इस वेबसाइट पर, वे आपसे आपकी व्यक्तिगत जानकारी, जैसे कि आपका नाम, पता, फोन नंबर और बैंक विवरण मांगेंगे। यह आपसे साइबर भुगतान के लिए कहेंगे या फिर आपकी दी गई व्यक्तिगत जानकारी से बैंक खाते में सेंध लगा धोखाधड़ी कर सकते हैं।

श्री प्रियदर्शी ने बताया कि भारतीय पोस्ट द्वारा डाक या पार्सल की सूचना के लिये आप भारतीय डाक सेवा के अधिकृत नम्बर 18002666868 पर संपर्क कर सकते हैं। यदि आपके पास माल व डिलीवरी संख्या हैं, तो आप भारतीय डाक की अधिकृत वेबसाइट या किसी थर्ड पार्टी ट्रैकिंग सेवा का उपयोग करें जैसे -

1.https://www.indiapost.gov.in/MBE/Pages/Content/Speed-Post.aspx

2.https://www.indiapost.gov.in/layouts/15/dop.portal.tracking/trackconsignment.aspx

3.https://www.indiapost.gov.in/vashindi/layouts/15/dop.portal.tracking/trackconsignm ent.aspx

इन लिंक पर अपनी माल / डिलीवरी संख्या दर्ज करे और अपने माल की स्थिति और स्थान देखने के लिए सबमिट बटन पर क्लिक करें।

इंडिया पोस्ट ने आमजन को सलाह दी हैं कि जब उन्हें संदेश मिलें तो वे सतर्क रहें क्योंकि वे ग्राहकों से कभी भी व्यक्तिगत विवरण प्रदान करने के लिए लिंक का उपयोग करने के लिए आग्रह नहीं करते हैं।

राजस्थान पुलिस की साइबर शाखा ने आमजन को सतर्क रहने का सुझाव देते हुए फर्जी एसएमएस व ई-मेल से सावधान रहने का आग्रह किया है। फर्जी लिंक की सूचना साइबर हेल्प लाईन नम्बर 1930, साइबर वेबसाईट https://cybercrime.gov.in एवं निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर पुलिस स्टेशन को देनी चाहिए।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के सामने पदाधिकारियों में हाथापाई मंच पर चढ़ने से रोकने पर विवाद, एक-दूसरे को जड़े थप्पड़



24 न्यूज अपडेट

जयपुर | भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक में उस समय हंगामा हो गया जब प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के सामने ही दो पदाधिकारी आपस में भिड़ गए। मंच पर चढ़ने को लेकर हुई बहस इतनी बढ़ गई कि दोनों ने एक-दूसरे को थप्पड़ मार दिए।

कैसे शुरू हुआ विवाद?

घटना तब हुई जब अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व पदाधिकारी जैकी, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को मंच तक एस्कॉर्ट कर रहे थे। जैसे ही जैकी मंच पर चढ़ने लगे, उन्हें मोर्चे के प्रदेश महामंत्री जावेद कुरैशी ने रोक दिया। इस पर जैकी भड़क गए और जावेद को थप्पड़ जड़ दिया। इसके जवाब में जावेद ने भी जैकी को थप्पड़ मार दिया।

30 सेकंड तक चलता रहा हंगामा

प्रदेशाध्यक्ष के सामने ही दोनों पदाधिकारी करीब 30-40 सेकंड तक आपस में भिड़ते रहे। वहां मौजूद अन्य भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बीच-बचाव कर किसी तरह दोनों को अलग किया।

सम्मान समारोह से पहले बवाल

यह घटना भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक शुरू होने से पहले हुई, जिसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्री सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए थे। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद थे। इसके बाद मोर्चे की ओर से उनका सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया था।

अलवर के पाली गांव से लापता बालिका की पुलिस को तलाश



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। प्रदेश के अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र के पाली गांव से एक नाबालिग सीमा प्रजापत करीब 5 महीनों से लापता है, जिसकी पुलिस को तलाश है। अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग सीमा प्रजापत पुत्री उदल राम है। जिसकी उम्र 17 साल रंग सांवला एवं कद 5 फिट है। नाबालिग सीमा की गुमशुदगी 10 सितम्बर 2024 को उसके पिता उदल राम द्वारा थाना रैणी पर दर्ज कराई गई थी। जिसके अनुसार सीमा रात करीब 2 बजे अपनी मां के गहने व नकद रुपये लेकर घर पर किसी को बिना बताए कहीं चली गई। पिता की रिपोर्ट पर एमपीआर दर्ज कर नाबालिग की तलाश की जा रही है। गुमशुदा सीमा प्रजापत पुत्री उदल राम उम्र 17 साल के बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर कृपया संबंधित थानाअधिकारी रैणी एवं जिला पुलिस अधीक्षक अलवर को सूचित करें।

कड़े सुरक्षा बंदोबस्त और चाकचौबंद व्यवस्थाओं के बीच रीट परीक्षा आयोजित, पहली पारी में 95.08 प्रतिशत व दूसरी पारी में 96.03 प्रतिशत रही उपस्थिति



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 फरवरी। राजस्थान माध्यमिक षिक्षा बोर्ड, अजमेर की ओर से आयोजित राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा- 2025 गुरूवार से कड़े सुरक्षा इंतजाम और चाकचौबंद व्यवस्थाओं के बीच प्रारंभ हुई। उदयपुर जिले में पहले दिन 55 परीक्षा केंद्रों पर दो पारियों में 95 प्रतिषत से अधिक उपस्थिति रही। जिला कलक्टर नमित मेहता के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्षी ढंग से संपन्न कराने के लिए मुस्तैद रही। परीक्षा समन्वयक एवं एडीएम प्रषासन दीपेंद्रसिंह राठौड़ ने बताया कि अध्यापक पात्रता परीक्षा गुरूवार सुबह निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई। सुबह 10 से 12.30 बजे तक प्रथम पारी में लेवल प्रथम के अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इसमें 95.08 प्रतिषत उपस्थिति रही। वहीं अपराह्न 3 से 5.30 बजे तक द्वितीय लेवल के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा हुई। इसमें 96.03 प्रतिषत उपस्थिति दर्ज की गई। राठौड़ ने बताया कि माध्यमिक षिक्षा बोर्ड के निर्देषानुसार परीक्षा से 1 घंटे पूर्व तक अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेष दिया गया। इस दौरान उनकी सघन जांच की गई। परीक्षा के दौरान पारदर्षिता और शुचिता बनाए रखने के लिए विजिलेंस टीमों ने प्रत्येक केंद्र का दो-दो बार निरीक्षण किया। वहीं वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने-अपने अधीन परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं का सघन पर्यवेक्षक किया।

उदयपुर में औद्योगिक विकास के लिए जिला कलक्टर की पहल, समस्याओं का समाधान और एमओयू की समीक्षा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 फरवरी। जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में गुरूवार को औद्योगिक विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र की बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्ट्रेट स्थित मिनी सभागार में आयोजित बैठक में प्रशासन और विभिन्न औद्योगिक संघों के पदाधिकारियों ने एक मंच पर आकर औद्योगिक निवेश के अनुकूल माहौल तैयार करने और मौजूदा औद्योगिक इकाइयों के समग्र विकास पर चर्चा की। इस दौरान उदयपुर चौम्बर ऑफ कॉमर्स, लघु भारती उद्योग, उदयपुर मार्बल एसोसिएशन, कैमिकल मैनुफैक्चर्स सहित अन्य औद्योगिक संघों के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याएं बताई और महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। जिला कलक्टर मेहता ने सभी औद्योगिक संघों के पदाधिकारियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इनवेस्टर्स समिट के तहत हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने गत बैठक में व्यापारिक संगठनों द्वारा उठाए गए मुद्दों के निस्तारण की जानकारी भी ली। उदयपुर चौम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एम. एल लूणावत ने गत बैठक में सुखेर, गुडली और कलड़वास (विस्तार) में जीएसएस लगाने की प्रगति उठाया था। इस पर एवीवीएनएल के अधिकारी ने बताया कि सुखेर, गुडली में जीएसएस का कार्य पूर्ण कर दिया गया है और कलड़वास (विस्तार) में कार्य जारी है। वहीं, उदयपुर मार्बल प्रोसेसर्स बिना पूर्व सूचना के विद्युत सप्लाई बंद करने से होने वाली समस्या बताई। इस पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारी को कहा कि संबंधित औद्योगक क्षेत्र के जेईएन को इस बारे में पाबंद करें कि बिना पूर्व सूचना के विद्युत सप्लाई बाधित नहीं हो। यदि किसी कारणवश औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत कटौती करनी पड़े तो कम से कम दो दिन पहले सूचित करें। शैड्यूल के अनुसार कटौती हो। जिला कलक्टर ने मादड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क मरम्मत, मेवाड़ औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण, सुखेर-बेदला लिंक रोड की मरम्मत, बेड़वास में पानी की निकासी सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।

राइजिंग राजस्थान इनवेस्टर्स समिट के दौरान हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने विभागवार अधिकारियों से एमओयू की प्रगति जानी। जीएम डीआईसी शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि राइजिंग राजस्थान जिला स्तरीय इनवेस्टर्स समिट से लेकर अब तक 569 एमओयू हो चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 196 एमओयू पर्यटन विभाग से संबंधित हैं। जिला कलक्टर ने विभागवार एमओयू की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी राज निवेश पोर्टल को नियमित रूप से देखें और श्रेणीवार एमओयू की प्रगति सुनिश्चित करें। ऐसे एमओयू धारक जिनके पास खुद की जमीन है, उनकी शेष औपचारिकताओं को निस्तारित करें। जिला कलक्टर ने कैटेगरी वाइज एमओयू की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों के स्तर पर पेंडिंग टास्क की जानकारी ली। इसके साथ ही हर सप्ताह एमओयू की प्रगति की समीक्षा बैठक रखने के निर्देश दिए।

वित्तीय समझदारी - समृद्ध नारी,वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में महिलाओं को किया जागरूक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 फरवरी। भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत गुरूवार को राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम हुआ।

जिला अग्रणी प्रबंधक राजेश जैन ने बताया कि इस वर्ष वित्तीय समावेशन में हितधारकों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के संदेश महिलाओं पर केंद्रित है। इस वर्ष के वित्तीय साक्षरता सप्ताह की थीम "वित्तीय समझदारी - समृद्ध नारी" है। इसी कड़ी में गुरूवार को उदयपुर में दो स्थान राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, प्रतापनगर की छात्राओं एवं अध्यापकों तथा राजीविका के समूह की उद्यमी महिलाओं को जागरूकता करने के लिए वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय रिज़र्व बैंक, जयपुर के अग्रणी जिला अधिकारी गौरव धूत ने महिलाओं को सूक्ष्म बचत की महत्ता और जोखिम प्रबंधन, अच्छा क्रेडिट स्कोर बनाए रखने, विनियमित संस्थाओं से ऋण का लाभ उठाकर अपना स्वयं का उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट एवं अन्य प्रकार की धोखाधडियों से बचने के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड नीरज यादव, आर-सेटी निदेशक अमर दीक्षित, मार्गदर्शी बैंक से हेमराज सोनवाल व मोहन जाखड़, वित्तीय साक्षरता सलाहकार दिनेश जैन एवं लक्ष्मण मेघवाल, राजकीय महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, प्रतापनगर की प्राचार्य खुर्शीदा बानू, मधुरलता गोस्वामी, महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं तथा राजीविका बीपीएम शंकर लाल, स्टाफ एवं विभिन्न समूहों की महिलाओं ने भाग लिया।

हिन्दू-मुस्लिम एकता की प्रतीक दरगाह में तोड़फोड करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। इमेजामिया कमेटी मस्जिद मकबरा मुस्लिम सिंधियान कब्रस्तान सूरजपोल की ओर से एसपी योगेश गोयल को आज एक ज्ञापन दिया गया। इस ज्ञापन में बताया गया कि कल 26 फरवरी को गोगुन्दा स्थित दरगाह जो हिन्दू-मस्लिम एकता की प्रतीक हैं वहां पर कुछ असामाजिक तत्वों ने सैयद सरकार दरगाह पर तोड़फोड़ कर दी। इसकी वजह से मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। लोग भी इस कृत्य में शामिल हैं उन लोगों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। कार्रवाई करके मुस्लिम समाज को न्याय दिलाया जाए व ऐसी सख्त कार्यवाही की जाए ताकि अगली बार कोई भी ऐसा कदम ना उठा पाए। सदर मुजीब सिंधी और सेक्रेटरी शकील सिंधी आदि मौजूद थे

बड़गांव से लेकर बलीचा तक देखे UDA के विकास कार्य, दिए निर्देश, नगरीय वन की तर्ज पर विकसित हो रामगिरी पहाड़ी



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 27 फरवरी। जिला कलक्टर नमित मेहता ने गुरूवार सुबह शहर के बाहरी क्षेत्र का मैराथन दौरा कर उदयपुर विकास प्राधिकरण के माध्यम से कराए जा रहे विकास कार्यों तथा प्रस्तावित प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट लेते हुए आवष्यक दिषा-निर्देष दिए। जिला कलक्टर श्री मेहता गुरूवार सुबह करीब पौने आठ बजे सर्किट हाउस से रवाना हुए। इस दौरान युडीए आयुक्त राहुल जैन, अधीक्षण अभियंता श्री अनित माथुर भी साथ रहे। जिला कलक्टर सर्वप्रथम बडगांव पहुंचे। वहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति पर चर्चा की। साथ ही तकनीकी अड़चनों की जानकारी लेते हुए कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देष दिए।

नैसर्गिक सौंदर्य बनाए रखते हुए करें कार्य

जिला कलक्टर ने बड़गांव में रामगिरी पहाड़ी पर युडीए के माध्यम से चल रहे विकास कार्यों का भी अवलोकन किया। राज्य बजट में उक्त पहाड़ी को ऑक्सीजन हब के रूप में तैयार किए जाने की घोषणा की गई है। जिला कलक्टर ने संबंधित क्षेत्र का अवलोकन करते हुए कहा कि यह बहुत सुकूनदायक और खूबसुरत है। उन्होंने नैसर्गिक सौंदर्य बनाए रखते हुए इसे नगरीय वन की तर्ज पर विकसित किए जाने के निर्देष दिए। इसके लिए यहां टेक बनवाने, तलहटी में पार्किंग, टॉयलेट, कैफेटेरिया आदि विकसित करने को कहा। साथ ही उन्होंने वन विभाग से समन्वय करते हुए इस क्षेत्र में यदि संभव हो तो हिरण, मोर जैसे वन्यजीवों को भी नियमानुसार रखे जाने का सुझाव दिया।

फोरलेन सड़क, पुलिया, फ्लाईओवर का भी अवलोकन

जिला कलक्टर थूर की पाल में सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्य स्थल पर पहुंचे। वहां मौका मुआयना करने के साथ ही साइट मैप के जरिए सड़क व पुलिया की अवस्थिति और उपयोगिता की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भुवाणा-प्रतापनगर फोरलेन वर्क का निरीक्षण किया। एमएलएसयू के स्वर्णजयंती द्वार के समीप निर्माणाधीन अण्डर पास का अवलोकन करते हुए अधिकारियों व संवेदकों से प्रगति जानी। उन्होंने कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराने, अण्डर पास की वॉल को मांडना आदि के द्वारा सुंदर बनाने के भी निर्देष दिए। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने बलीचा-प्रतानगर फोरलेन वर्क का निरीक्षण किया। इस दौरान भूमिगत पाइप लाइनों के कारण रूके हुए काम की जानकारी लेते हुए आयुक्त राहुल जैन को इषू जल्द सॉल्व कराने को कहा। साथ ही आगामी बारिष के सीजन से पहले सड़क का काम पूर्ण कराने के निर्देष दिए। जिला कलक्टर ने पारस तिराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर का भी निरीक्षण किया।

बलीचा बाइपास तिराहे की बने विस्तृत कार्ययोजना

जिला कलक्टर ने अहमदाबाद हाइवे पर बलीचा बाइपास का भी अवलोकन किया। इस दौरान युडीए आयुक्त श्री जैन ने उदयपुर शहर के एंट्री पोईन्ट को हादसों की दृष्टि से संवेदनषील बताते हुए बड़ा सर्कल एवं अण्डर अथवा ओवरब्रिज की आवष्यकता जताई। जिला कलक्टर ने इसके लिए सभी तथ्यों तथा संभावनाओं का अध्ययन करते हुए विस्तृत एवं ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देष दिए।

सरकार की मंशानुसार हर पात्र किसान को सुनिश्चित हो फार्मर रजिस्ट्री का लाभः कलक्टर



24 न्यूज अपडेट

सलूंबर । जिला कलक्टर अवधेश मीना ने गुरुवार को डाल ग्राम पंचायत में भारत सरकार की योजना एग्रीस्टैक के तहत आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया और मौके पर ही किसानों को 11 अंकों की यूनिक आईडी के प्रमाण पत्र वितरित किए जिस पर किसानों की खुशी का ठिकाना न रहा। निरीक्षण के दौरान कलक्टर मीना ने ग्रामीणों से शिविर में उपलब्ध व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया और किसानों को उनकी 11 अंकों की यूनिक आईडी प्रदान की। साथ ही, उन्होंने विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के लिए कार्मिकों से भी चर्चा की। शिविर में पेंशन सत्यापन आदि कार्यों का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान कलक्टर ने निर्देश दिए कि एक भी पात्र किसान एग्रीस्टैक योजना से वंचित न रहे और सभी का पंजीकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।

ग्रामीणों ने बताई स्थानीय समस्याएं !

जिला कलक्टर के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की जन समस्याएं भी सुनी और मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए। डाल में ग्रामीणों ने सड़क सहित स्थानीय समस्याएं बताई जिस पर उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए।

बेहद उपयोगी है 11 अंकों की आईडी!

जिला कलक्टर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह 11 अंकों की किसान की एक यूनिक डिजिटल पहचान (किसान आईडी) है जिसमें किसान के जनसांख्यिकीय विवरण, स्वामित्व वाली भूमि का विवरण एवं उसमें बोई गई फसलों का व्यापक तथा उपयोगी डेटा शामिल होगा। यह रजिस्ट्री किसान के आधार से जुड़ी हुई होगी। पीएम किसान तथा सीएम किसान सम्मान निधि के साथ-साथ अन्य सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, और बीमा का लाभ उठाने के लिए किसान आई.डी. पंजीकरण आवश्यक है। फार्मर रजिस्ट्री विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सभी किसानों के लिए आवश्यक हैं।

फार्मर रजिस्ट्री से मिलेगा सीधा लाभ !

फार्मर रजिस्ट्री का मुख्य उद्देश्य किसानों तक विभिन्न कृषक कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ डिजिटल रूप से पहुंचाना है। योजना के अंतर्गत सम्पूर्ण भारत में एग्रीस्टेक योजना के अंतर्गत प्रत्येक राज्य की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की जा रही है। जिला कलक्टर ने सभी ग्रामीणों से कहा कि आस-पास अन्य लोगों को भी जागरूक कर शिविर में लाएं और निशुल्क आईडी बनवाएं जिससे भविष्य में योजनाओं का सुगम तरीके से लाभ ले सकें।

परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाओं का लिया जायजा!

जिला कलक्टर अवधेश मीना ने गुरुवार को डाल ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री शिविर के निरीक्षण के पश्चात राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाल परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। पानेरियों की मादड़ी स्थित चिराग कॉम्पलेक्स में नवनिर्मित श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव भव्य रूप से संपन्न हुआ।

सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान

22 फरवरी से 27 फरवरी 2025 तक चले इस अनुष्ठान में दशविद स्नान, नान्दी श्राद्ध, कलश पूजन, शोभायात्रा, मण्डप प्रवेश, हवन, अन्न-जल-मिष्ठान अर्पण, पंचकुण्डीय यज्ञ सहित विभिन्न धार्मिक विधियों का आयोजन हुआ। इस पूरे आयोजन को पंडित जगदीश चंद्र चौबीसा (झालावत) के आचार्यत्व में विधिपूर्वक संपन्न किया गया। संतों का सान्निध्य एवं भक्तों की सहभागिता महोत्सव में श्री काली कल्याण धाम के पीठाधीश्वर महंत कुलदीप सिंह चौहान एवं गातौड़जी धाम के रघुनाथ सिंह ठाकरड़ा का सान्निध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य यजमान रमेश राज सुहालका (सहपत्नी) रहे। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 101 जोड़ों ने हवन में भाग लिया। शिवलिंग एवं शिव परिवार की स्थापना शुभ मुहूर्त में की गई। 27 फरवरी को महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्रवासियों एवं भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कल्याणेश्वर महादेव मंदिर प्रबंधन समिति के समर्पित प्रयासों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से यह महोत्सव भव्य एवं ऐतिहासिक बन गया। यह जानकारी कैलाश मेनारिया ने दी।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।